हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024

## 14 लाख की नगदी हुई चोरी

**नागपुर.** जरीपटका थाना क्षेत्र में एक ऑफिस में चोरी की घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोरों ने व्यावसायिक जगह को निशाना बनाकर करीब 14 लाख की नगदी उड़ा ली। पीड़ित की पहचान योगेश बलीराम सहजरामानी (50) के रूप में हुई है, जो 'नेशनल सेल' नामक बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स के ऑफिस के मालिक हैं। जानकारी के अनुसार, योगेश सहजरामानी ने 25 दिसंबर की रात को अपने ऑफिस का शटर बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन 26 दिसंबर को जब वे ऑफिस पहुंचे, तो देखा कि ऑफिस के शटर का ताला टूटा हुआ है। चोरों ने ऑफिस के अंदर घुसकर वहां रखी 14 लाख रुपये की नगदी चुरा ली थी। इस संबंध में पीड़ित ने जरीपटका थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है। अज्ञात चोर इस वारदात के बाद सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ लेकर गए हैं।



## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को जन्मदिन पर अभिवादन

**नागपुर.**

प्रखर देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, कवि, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर नागपुर नगर निगम ने अटलजी की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वे एक संवेदनशील लेखक, कवि के रूप में जाने जाते थे। अटलजी वक्ता दशासहस्त्रेषु थे। उनकी अतुलनीय आवाज को सुनने के लिए पूरा देश लालायित रहता था। हर सभा में देश भर से लाखों लोग जुटते थे। जब उन्होंने पत्रकारिता की तब भी उन्होंने पत्रकारिता का एक आदर्श बनाया। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर सम्मान का मुजरा।

कार्यक्रम के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अमोल चेघे, वित्त विभाग के प्रकाश खानजोडे, शैलेश जांभुलकर एवं पूर्व सैनिक उपस्थित थे.

# युवक ने रॉफ्टर से वार कर उतारा मौत के घाट

**नागपुर.**

कलमना पुलिस थाना अंतर्गत एक अपराधी की लकड़ी के रॉफ्टर से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। दरअसल यह अपराधी आरोपी की भाभी का लगातार पीछा कर जबरदस्ती कुछ दिनों से तंग कर रहा था। जब युवक ने उसे ऐसा करने से टोका तो उनका आपस में विवाद हो गया। इसी विवाद में यह घटना हुई। हालांकि पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

कलमना पुलिस थाने के आदिवासी प्रकाश नगर में 24 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे यह वारदात हुई। मृतक राहुल सचिन गुप्ता(19) घर नंबर 364, गली



नंबर 11, आदिवासी प्रकाश नगर, कलमना निवासी था जिसकी हत्या राजा अशपाक शेख (22) कलमना निवासी नामक युवक ने की थी। अशपाक पेंटिंग का काम करता है। दरअसल राहुल गुप्ता अपराधिक प्रवृति का है और उसके खिलाफ इससे पहले चोरी मारपीट जैसे करीब 11 आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। कुछ दिनों से राहुल अशपाक की भाभी का जबर्दस्ती पीछा कर उसे तंग कर रहा था। जिसके चलते ही राजा अशफाक ने उसे समझाने के लिए आदिवासी प्रकाश नगर स्थित मंदिर के पीछे मिलने बुलाया था। इस दौरान उनका आपस में झगड़ा हो गया और इस झगड़े में राजा ने पास पड़े लकड़ी के रॉफ्टर से राहुल के सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया। इस घटना के बाद राहुल वहीं पर लहूलुहान हो कर गिर गया। इसकी जानकारी लोगों ने राहुल की मां विद्या सचिन गुप्ता (39) को फोन पर दी। जिसके बाद राहुल की मां घटनास्थल पर पहुंची और उसे घायल अवस्था में घर लेकर गई। मां ने उसे अस्पताल में भी चलने के लिए कहा परंतु उसने इलाज करवाने से इंकार कर दिया। सुबह जब राहुल की मां ने उसे उठाने की कोशिश की तो वह बेहोशी की हालत में दिखा। जिसके बाद उसे तुरंत इलाज के लिए मेओ अस्पताल ले जाया गया। परंतु जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने बाद में हत्या के तहत मामला दर्ज कर आरोपी राजा अशपाक शेख को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।



## तड़ीपार शातिर अपराधी लौहमार्ग पुलिस के हाथ लगा

### >रेलवे स्टेशन से यात्री का मोबाइल फोन किया था चोरी

**नागपुर.**

शहर में लोहमार्ग पुलिस ने एक तड़ीपार शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसने रेलवे स्टेशन पर एक युवक का मोबाइल चोरी किया था। यह घटना 26 दिसंबर 2024 को तड़के 1:30 बजे की है, जब फरियादी युवक सचिन रायकवार (18), मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ से नागपुर रेलवे स्टेशन आया था। वह झांसी जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर 3 पर आया और ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म पर ही सो गया था। सोते समय उसका मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन (23,000 रुपये कीमत) किसी ने चुरा लिया।

पीड़ित ने घटना की जानकारी लोहमार्ग पुलिस को दी, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, जो एक हरे रंग की जैकेट और नीले रंग की हाफ पैंट में दिखाई दे रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध को संत्रा मार्केट के पास गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपनी पहचान प्रणय उर्फ गोलू सुधाकर पाटिल (34) के रूप में बताई, जो नागपुर के सुजाता नगर का निवासी है। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की । पुलिस ने उसके पास से चोरी किया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी एक शातिर अपराधी है, जो पहले भी कई गंभीर मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ नागपुर और आसपास के पुलिस थानों में कुल 26 मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, दारू बंदी कानून, डकैती और लूट के मामले शामिल हैं। लोहमार्ग पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है.



## मनीष नगर में बनेगा मां तुलजा भवानी का मंदिर

**नागपूर.** महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे से मनीष नगर की सैकड़ों महिला भक्तों एवं मां तुलजा भवानी देवस्थान, मनीष नगर, नागपुर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों एवं शिवसेना के कद्दावर नेता प्रवीण बाल मुकूंद शर्मा ने उपमुख्यमंत्री शिंदे से मुलाकात कर के उन्हे याद दिलाया कि मनीष नगर से कुलस्वामिनी मां तुलजा भवानी की मूर्ति हटाई थी और यह सुनकर कि मां तुलजा भवानी की मूर्ति घर में कितने दिनों तक रखनी चाहिए. उसपर शिंदे साहब ने कहा कि अब मैं उपमुख्यमंत्री हूं, लेकिन मैं खुद मां तुलजा भवानी माता को मनीष नगर में बसाऊंगा, चिंता मत करो, मैं तुम्हारे साथ हूं, तुम्हें न्याय मैं खुद दिलाऊंगा... असा शब्द उपमुख्यमंत्री ने मनीष नगर के भाविक भक्तों को दिया. उनके आश्वासन से सारे भक्त और मां तुलजा भवानी देवस्थान, मनीष नगर, नागपुर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों खुशी प्रगट की.

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के पांच मामलों का हुआ खुलासा

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच यूनिट 4 ने वाहन चोरी और घरफोडी के मामलों में शामिल दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 5 अपराधियों का खुलासा करते हुए चोरी की गई संपत्ति की भी बरामदगी की है। जानकारी के अनुसार दिनांक 21 दिसंबर को कलमना थाना अंतर्गत, ओमनगर, तलमले ले-आउट, शीतला माता मंदिर के पास निवासी गौतम सुधीर रोडगे (25) ने अपनी एक्टिवा गाड़ी क्रमांक एम.एच 31 डीएम 4382 को अपने घर के पास पार्क कर लॉक किया था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया और मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच यूनिट 4 के अधिकारियों को पेट्रोलिंग के दौरान गुप्त सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक एक्टिवा पर घूम रहे हैं। पुलिस ने उन्हें रोककर जब जांच की तो उनकी पहचान अफरोज शमशाद अंसारी (23), गिरजा नगर, भांडेवाड़ी और सागर अशोक वर्मा (19), विजय नगर, कलमना के रूप में हुई। दोनों ने पूछताछ में एक्टिवा चोरी करने की कबूल की। आगे की जांच में आरोपी अफरोज ने अपने एक और साथी अमोल चाफेकर (ठक्करग्राम, पाचपावली) का नाम लिया और बताया कि उन्होंने साथ मिलकर एक घरफोडी की थी। इसके बाद आरोपी ने बताया कि उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर चोरी और घरफोडी की घटनाओं को अंजाम दिया था, जिसमें कलमना, वाठोडा, नंदनवन और हुडकेश्वर क्षेत्र शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 12 ग्राम 980 मिलीग्राम सोने व चांदी के गहने, 2,500 रुपये नकद और चोरी की गई एक्टिवा गाड़ी समेत कुल 94,500 रुपये का माल बरामद किया। पुलिस ने तीन घरफोडी और दो वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर आगे की जांच के लिए कलमना पुलिस के हवाले किया है।

## मंत्री के नाम पर दो नामी ज्वैलर्स को शातिर ठग ने लगाया 7.50 लाख का चूना

### > खुद को बताया था सिक्युरिटी चीफ

**नागपुर.**





अजीबोगरीब मामला सामने आया है. एक ठग ने खुद को एक मंत्री का सिक्योरिटी चीफ बताकर दो प्रतिष्ठित ज्वेलरी से लगभग 7.50 लाख रु. की धोखाधड़ी की. हालांकि, तीसरे ज्वेलर ने समय रहते सतर्कता बरतते हुए इस मामले का भंडाफोड़ कर दिया. इससे ठगे गए ज्वेलर ने पुलिस में देर रात को इस घटना सूचना दी. अंबाझरी पुलिस और सीताबर्डी पुलिस ने ठगबाज के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश में जुट हुई थी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 7 बजे लक्ष्मी नगर स्थित रोकड़े ज्वेलर्स में आए एक शख्स ने खुद को एक मंत्री का सिक्योरिटी चीफ बताते हुए अपना नाम राजबीर चावला बताया. उसने यह भी कहा कि मंत्री जी ने ही उन्हें भेजा है. उसे ज्वेलरी खरीदनी है. ज्वेलरी पसंद करने के बाद पेमेंट देते समय ज्यों ही उसने चेक से भुगतान करने की बात कही, रोकड़े ज्वेलर्स के संचालक राजेश रोकड़े के कान खड़े हो गए.

उन्होंने फौरन संबंधित मंत्री के कार्यालय में कॉल किया और राजबीर चावला की फोटो भेजकर उसके सिक्योरिटी चीफ होने की पुष्टि करने को कहा. लेकिन जब कार्यालय ने ऐसा कोई शख्स मंत्री की सुरक्षा में तैनात नहीं होने का जवाब दिया तो रोकड़े सारा माजरा समझ गए. उन्होंने कुछ देर तक ठग राजबीर चावला को शोरूम में बैठने को कहा. लेकिन चावला शातिर निकला और वहां से रफूचक्कर हो गया.

इस बीच, रोकड़े ने शहर के ज्वेलर्स के व्हाट्सएप्प ग्रुप में चावला की फोटो और घटना के बारे में जानकारी साझा की. फिर क्या था, व्हाट्सएप ग्रुप पर पता चला कि राजबीर चावला ने शहर के अन्य कुछ ज्वेलरी शोरूम में भी गया था. इसमें यह बात भी सामने आई कि चावला ने शहर के दो प्रतिष्ठित ज्वेलर बटुक भाई ज्वेलर्स और कोठारी ज्वैलर्स के शोरूम से भी 5 लाख रुपए और 2.45 लाख रुपए के गहने चेक देकर खरीदे और चला गया है.

आमतौर पर ज्वेलर किसी रसूखदार शख्स की सिफारिश के आधार पर ही चेक से भुगतान स्वीकार करते हैं. चेक के बदले में ज्वेलरी देना एक तरह से उधारी कहलाती है. लेकिन दोनों ज्वेलरों ने मंत्री का नाम सुनकर यह मान लिया कि राजबीर चावला सिक्योरिटी चीफ है और उसे उन्होंने गहने दे दिए. लेकिन राजेश रोकड़े द्वारा राजबीर चावला की सच्चाई साझा करते ही ठगे गए दोनों ज्वेलरों ने अपने स्टाफ को पुलिस थाने में भेजा. एक ने अंबाझरी और दूसरे ने सीताबर्डी पुलिस में घटना की जानकारी दी. बताया जा रहा है कि यह शातिर ठग दिल्ली के नजफगढ़ का रहने वाला है और सीए रोड स्थित होटल कैपिटल इन में रुका था। रात करीब 8 बजे एक टैक्सी से वह रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां से दिल्ली की तरफ ट्रेन में निकल गया। पुलिस ने इस ठगबाज की पहचान कर ली है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में अलग-अलग टीमें दिल्ली के लिए रवाना की है।



## नगर निगम स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए विश्राम केंद्र स्थापित करने की जरूरत: जिलाधिकारी

**नागपुर.**

जीवन के संध्याकाल में कुछ शांतिपूर्वक समय बिताने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिकों के लिए विश्राम केंद्रों की आवश्यकता है। वरिष्ठ नागरिकों को मनोरंजन के लिए विभिन्न सामग्रियां उपलब्ध कराते हुए नगर निगम स्तर पर इन केंद्रों की स्थापना के निर्देश जिलाधिकारी डॉ. विपीन इटनकर ने आज दिए।

जिलाधिकारी कार्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज सभागार में जिला वरिष्ठ नागरिक समन्वय नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समाज कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त सुकेशिनी तेलगोटे, समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक संघ के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस बैठक में जिला वरिष्ठ नागरिक समन्वय नियंत्रण समिति के तहत महाराष्ट्र वरिष्ठ नागरिक महासंघ के दो नए सदस्य नियुक्त किए गए। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक कक्ष के संयोजक, उपसंयोजक, सहसंयोजक और सदस्य नियुक्ति के बारे में भी चर्चा की गई।

अक्सर, जो माता-पिता जीवन भर अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, वृद्धावस्था में उन्हें परिवार के सदस्यों से तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। हर किसी की इच्छा होती है कि उनका आखिरी सफर सुखमय हो, लेकिन संवेदनहीन बच्चों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा की जाती है। ऐसे में उनके शेष जीवन को आराम से जीने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए विश्राम केंद्रों का निर्माण बेहद जरूरी है।

## ऊर्जा विभाग की अंग्रेजी फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार

**नागपुर.**

पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 46 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में महाराष्ट्र सरकार के ऊर्जा विभाग की अंग्रेजी भाषा में तैयार की गई फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के हाथों दिया गया, जिसे महानिर्मिती के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री यशवंत मोहिते ने देशभर के लगभग 200 जनसंपर्क विशेषज्ञों और पेशेवरों की उपस्थिति में प्राप्त किया।

इस अवसर पर 'पीआरएसआई' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सचिव डॉ. पीएलके मूर्ति, डॉ. यू.एस. शर्मा, नरेंद्र मेहता, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, दिलीप चौहान, अनु मुजुमदार, रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. शाहिद अली और अन्य प्रमुख हस्तियां






मंच पर उपस्थित थीं। यह फिल्म विशेष रूप से गांधीनगर, गुजरात में सितंबर 2024 में आयोजित चौथी वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेने वाले देश-विदेश के प्रतिनिधियों को महाराष्ट्र में निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार की गई थी, और अब उसे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री श्री अजित पवार के मार्गदर्शन में, और अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) आभा शुक्ला के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग ने इस फिल्म में हरित ऊर्जा क्षेत्र में किए गए नवाचारों और आगामी संसाधन पर्याप्तता योजना को प्रस्तुत किया। महानिर्मिती के जनसंपर्क विभाग ने इस फिल्म को अत्यंत कम समय में तैयार किया, जिसके लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों श्रीमती आभा शुक्ला, महावितरण के अध्यक्ष लोकेश चंद्र, महानिर्मिति के अध्यक्ष डॉ. पी. अनबलगन, महापारेषण के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार, और महासंचालक महाऊर्जा डॉ. कादंबरी बलकवड़े ने उन्हें बधाई दी है।

## एमपीएससी परीक्षा में 'महाज्योति' की मैत्रेयी जमदाड़े ने हासिल किया पहला स्थान

### > अन्य मागास बहुजन कल्याण राजपत्रित अधिकारी पद पर होंगी नियुक्त

**नागपुर.**

महात्मा ज्योतिबा फुले संशोधन और प्रशिक्षण संस्था (महाज्योति) नागपुर का योगदान गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण है। इस संस्थान द्वारा प्रशिक्षित मैत्रेयी अविनाश जमदाडे ने महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग द्वारा 2022-23 में आयोजित 'इतर मागास बहुजन कल्याण अधिकारी' (राजपत्रित) पद की परीक्षा में लड़कियों में राज्य भर में पहला स्थान प्राप्त किया। महात्मा ज्योतिबा फुले और क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले के विचारों पर आधारित महाज्योति संस्था द्वारा दी गई मूल्याधिष्ठित शिक्षा और आर्थिक सहायता के कारण मैत्रेयी ने यह उपलब्धि प्राप्त की। महाज्योति के प्रबंधक निदेशक राजेश खवले ने बताया कि मैत्रेयी जामदडे अब 'इतर मागास बहुजन कल्याण अधिकारी' (राजपत्रित) पद पर कार्यभार संभालने जा रही हैं। पुणे निवासी मैत्रेयी जामदडे ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और



सावित्रीबाई फुले के बहुजन कल्याण और महिला शिक्षा के विचारों से प्रेरित होकर उन्हें 'महाज्योति' संस्था के योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय महाज्योति द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और एच. व्ही. देसाई स्पर्धा प्रशिक्षण केंद्र को दिया, जहां उन्हें मुफ्त में मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि एमपीएससी परीक्षा में उन्हें मुख्य परीक्षा में 119 अंक और साक्षात्कार में 50 में से 35 अंक (जो सबसे अधिक थे) मिले। शिक्षा के महत्व पर बोलते हुए, मैत्रेयी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही किसी भी व्यक्ति को अपने सपनों को साकार करने की कुंजी मिलती है। 'महाज्योति' छात्रों को सरकारी सेवाओं में अवसर देने के लिए काम कर रही है और इसके परिणामस्वरूप मैत्रेयी ने राज्य में पहला स्थान हासिल किया।

### मैत्रेयी की सफलता: उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण का परिणाम: सावे

महाज्योति द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट प्रशिक्षण की वजह से ही आज मैत्रेयी जमदाडे ने 'इतर मागास बहुजन कल्याण विभाग' (राजपत्रित) अधिकारी पद की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया, ऐसा महाज्योति, नागपुर के अध्यक्ष और महाराष्ट्र राज्य के मंत्री अतुल सावे ने कहा। उन्होंने कहा कि महाज्योति के छात्र दिन-प्रतिदिन प्रतियोगिता परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और मैत्रेयी की सफलता इस संस्था के प्रशिक्षण की सफलता का प्रमाण है।





CMYK

# सेक्युलर का मतलब धर्मनिरपेक्ष नहीं

## > वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में गडकरी ने कहा

**नागपुर.**

भाजपा व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने कहा है कि भारतीयत्व ही हिंदुत्व है। सेक्युलर का मतलब धर्मनिरपेक्ष नहीं, बल्कि सर्वसमावेशक है। उच्चतम न्यायालय ने भी कहा है कि हिंदुत्व जीवन जीने का मार्ग है। उन्होंने महाराष्ट्र को जातिवाद मुक्त करने का आह्वान किया। बुधवार को ईश्वर देशमुख महाविद्यालय के मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राजस्व मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले सहित विदर्भ के भाजपा के मंत्री व विधायकों का सत्कार किया गया। गडकरी इसी अवसर पर बोल रहे थे।




भाजपा के गठन व संघर्ष काल का उल्लेख करते हुए गडकरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को इतिहास पर विचार कर भविष्य की प्रेरणा लेनी होगी। अटल जी का हिंदुत्व सर्वसमावेशक था। वे कहते थे कि भारत कांग्रेस, भाजपा या आरएसएस से नहीं, बल्कि हिंदुत्व से सेक्युलर रहेगा। भाजपा परिवारवादी नहीं है। देवेंद्र फडणवीस को उनके पिता ने नहीं, बल्कि भाजपा ने राजनीति में लाया। जो माता-पिता बच्चों के लिए चुनाव में टिकट मांगते हैं उनको टिकट मत दो। भाजपा पिता-पुत्र की प्राइवेट लिमिटेड पार्टी नहीं है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राजनीतिक सफर की स्मृति साझा करते हुए कहा कि मैंने भाजपा में काम नहीं करने के लिए कहा था। यह वह दौर था, जब मैं विद्यार्थी परिषद में काम करता था। मैंने भाजपा में प्रवेश किया, तब मुझसे भी अधिक क्षमता के कार्यकर्ता थे। भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक क्षेत्र में मेरे कदम बढ़ते ही गए, लेकिन मैं फिर से कह देना चाहता हूं कि सत्ता मेरे दिमाग में नहीं जाएगी। भाजपा के बिना देवेंद्र फडणवीस की कोई औकात, कोई वजूद नहीं है। 11वीं कक्षा में मैंने विद्यार्थी परिषद के लिए काम शुरू किया। मैंने सोचा था कि वकालत करूंगा। पिता गंगाधरराव फडणवीस की मृत्यु के बाद 1990 में विद्यार्थी परिषद के एक समूह में मैंने बतौर कारसेवक कार्य किया। 20 साल की उम्र में मुझे विद्यार्थी परिषद के प्रांत प्रमुख सुनील आंबेकर ने भाजपा में काम करने को कहा। मैं भाजपा के लिए काम करने को तैयार नहीं था। तब मुझे विलास फडणीस के पास भेजा गया। फडणवीस ने मुझसे कहा कि वरिष्ठों के निर्णय पर प्रश्न नहीं पूछते हैं।

नितीन गडकरी, प्रभाकरराव दटके, छोटू धाक्रस ने मुझे वार्ड 69 से मनपा चुनाव लड़वाया। 1992 में पहली बार नगरसेवक चुना गया। मेरी राजनीतिक सफलता में प्रमोद महाजन, गोपीनाथ मुंडे, पांडुरंग फुंडकर का भी योगदान रहा।

विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी नहीं मिलने की घटना का उल्लेख करते हुए चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि 4 अक्टूबर 2019 मेरे लिए जीवन का सबसे निराश करने वाला दिन था। फडणवीस के घर पर रात में बैठे थे। गडकरी व फडणवीस ने मुझे निराशा में संभलने का आधार दिया।

1992 में मैं छत्रपति सेना में था। गडकरी मुझे भाजपा में ले आए। 1995 में भाजपा में शामिल हुआ। सुनील केदार ने मेरे घर के लिए रुपए मिलने के लिए बाधा लाई, लेकिन गडकरी मुझे अधिकारी के पास ले गए। उस समय मुझे घर के लिए 20 लाख रुपए नहीं मिलते, तो मेरे जीवन की शुरुआत ही नहीं हो पाती। गडकरी कार्यकर्ताओं को नेता बनाते हैं।

फडणवीस कार्यकर्ताओं में नेतृत्व गुण लाते हैं। विधान परिषद चुनाव जीतने पर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में मुझे गडकरी, फडणवीस न गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। उस क्षण को भी नहीं भूल पाऊंगा। बावनकुले ने फडणवीस के सम्मान में कविता पढ़ी।

### इनका हुआ सत्कार

मंत्री अशोक उइके, आकाश फुंडकर, पंकज भोयर, रणधीर सावरकर सहित विदर्भ के सभी भाजपा विधायकों का सत्कार किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना संजय भेंडे ने रखी। उन्होंने बताया कि गडकरी की संकल्पना से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संचालन बंटी कुकडे ने किया।

# 25 साल बाद यादों का बांध टूटा

## > अशोक जूनियर कॉलेज के पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन

**उमरेड.**




पुरानी यादों में खोए दोस्त जब 25 साल बाद मिले तो भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अशोक जूनियर कॉलेज की 12वीं कला के पूर्व छात्रों ने कॉलेज में पुनर्मिलन का आयोजन किया, जिसमें मस्ती, हंसी और भावनात्मक पल साझा किए गए। इस मौके पर स्कूल के दिनों की मौज-मस्ती, शिक्षकों की यादें, प्यार की कहानियां, और दोस्तों के साथ बिताए अनमोल पल ताजा हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राम भाकरे ने की, जबकि उद्घाटन वर्तमान प्राचार्य विजय मोहोड़ ने किया। कार्यक्रम में सत्कारकर्ता के रूप में प्रो. ज्ञानेश आगलावे, प्रो. गिरिधर सेलोकर, प्रो. देवराव पाटिल, प्रो. संजय जोशी, प्रो. दिगंबर सहारे, प्रो. रेखा थावकर, और प्रो. आशा काशीमकर मौजूद रहे।

इस पुनर्मिलन के लिए छात्रों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और सभी दोस्तों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में शिक्षकों को शॉल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए छात्रों ने स्कूल को अलमारी उपहार में दी। इसके अलावा, कुछ छात्रों ने जादू और मनोरंजक प्रस्तुतियों से पुरानी यादें ताजा कीं।

कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस पुनर्मिलन के जज्बे को देखकर भावुकता व्यक्त की। अंत में स्वरुचि भोजन के साथ समारोह का समापन हुआ।

परिचय प्रो. मंगेश गिरडकर ने दिया, संचालन डॉ. पंकज मून ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन सारिका कराले ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में गजानन पडोले, आशीष बंदे, रामा पडोले, कुलदीप नागदेवते, नीलेश मुले, प्रमोद दांडेकर, युवराज कालम्बे, विकास मेश्राम, बलराज पवार, इजाज पठान, विजय टोनपे, अभय मेश्राम सहित कई छात्रों और शिक्षकों ने विशेष भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में स्मिता अतरकर, शोभा घोड़पेज, दर्शन सावसाकड़े, सुरेखा जाधव, चंद्रशेखर बालपांडे, शशि मून, भूपेंद्र लोखंडे, महेंद्र बंसोड़ और अन्य ने कड़ी मेहनत से आयोजन को यादगार बनाया।

# बेटे और बहू पर हुआ मामला दर्ज



**नागपुर.** अजनी थाना अंतर्गत वृद्ध पिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने वाले बेटे और बहू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. घर को अपने कब्जे में करने के इरादे से बेटे और बहू द्वारा वृद्ध माता-पिता को प्रताड़ित किया जा रहा है. पुलिस ने कुंजीलाल पेठ निवासी ताराचंद गेंदलाल बोरकर (75) की शिकायत पर उनके बेटे विनोद, उसकी पत्नी दिपाली और छोटे बेटे प्रमोद के खिलाफ मामला दर्ज किया है. ताराचंद ने अपनी शिकायत में बताया कि मकान के एक हिस्से में वह अपनी पत्नी कौशल्या और बेटी लता के साथ रहते हैं. दूसरे हिस्से में विनोद, उसकी पत्नी और प्रमोद रहते हैं. लंबे समय से तीनों उन्हें किसी न किसी तरीके से परेशान कर रहे हैं. घर से निकल जाने के लिए गाली-गलौज करते हैं. भोजन करते समय विनोद और उसकी पत्नी गंदा पानी फेंकते हैं. बेटी लता उनकी देखभाल करती है. मंगलवार की सुबह तीनों ने उनके साथ गाली- गलौज और मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया. ताराचंद ने अजनी पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने तीनों के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

# वाड़ी में भाजपा ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



**वाडी.**

भाजपा वाडी मंडल द्वारा बुधवार 25 दिसंबर को दत्तवाडी स्थित विधायक समीर मेघे के कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, लेखक, कवि, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा का पूजन, पुष्पांजलि अर्पित कर एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई। इस दौरान भाजपा वाडी मंडल अध्यक्ष आनंदबाबु कदम, पुरुषोत्तम रागीट, सुजीत नितनवरे, केशव बांदरे,राजुताई भोले, कमलाकर ईंगले, विमलेश सिंह, मधु बर्वे, कैलाश मंथापुरवार,प्रकाश डवरे, रमेश गोमासे,जयदेव शेवरान, विपीन वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, सुरेखा जीनके,कल्पना सगदेव, ज्योती भोरकर, ऊर्मीला चौरसिया, दत्ता बाबर, लक्ष्मीनारायण केसरवानी, विशाल डोंगरे, राहुल तायडे, लिलाधर भोयर, सुधीर सिंह राना,भिमराव मोटघरे,अजय यादव,रामभाऊ पाटील, वर्षा शिंगरू,माधुरी थेटे,पोर्णिमा बंडावार, अंजलि कुळकर्णी,पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजूद थे।

# एक सिरफिरे ने भोजनालय में की तोड़-फोड़

**वाडी.**



वाडी के वेना चौक स्थित एक गरीब परिवार के रिस्टोरेंट में खाना खाने आए नशे में धुत व्यक्ति ने पैसों के विवाद को लेकर रेस्टोरेंट में खाना परोस रही एक महिला के साथ मारपीट की और खानवाडी में तोड़फोड़ की.

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाडी स्थित वेना चौक पर 24 दिसंबर को दोपहर 3 बजे यहां एक गरीब परिवार की महिला का श्री नाम से गीताबाई चव्हाण भोजनालय की चालक है। आरोपी वैभव गणेश निवल, उम्र 25 वर्ष, रामनगर प्लॉट नंबर 4, वर्धा, (वर्तमान में वीआईपी बार के पीछे कुंभलकर के घर वाडी में किराए पर रह रहा है) वर्तमान में टाटा मोटर्स के शो रूम में काम करता है, वैभव गणेश निवल भोजन के बाद भुगतान करता करने गया, समय पर सब्जियां नहीं, इस तरह आप लोगों को भोजन देते हैं क्या? मैं पुलिस में हूं, मैं तुम्हें पुलिस के पास ले जा रहा हूं, ऐसा धमकाकर महिला से बहस करते समय हाथ में लिए हेलमेट से महिला के चेहरे और गर्दन पर हमला कर दिया,भोजनालय में काम करने वाले हरिभाऊ को भी पीटा।

दौरान कुर्सी टेबल तोड़ रहा था और गलीगलॉच कर रहा था, जब घटना की सूचना पुलिस को दी गई, तो वाडी पीएसआई सतीश गुलबे और उनके सहयोगियों ने मौके पर जाकर आरोपी वैभव गणेश निवल को गिरफ्त में लिया, जो भागने की तैयारी कर रहा था। आरोपी वैभव पर धारा 115(2), 352, 324(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अचानक हुई इस घटना से घायल गीता चव्हाण का पूरा परिवार दबाव में आ गया है,महिला को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया. आगे की जांच पीआई राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में पीएसआई सतीश गुल्बे द्वारा की जा रही है।

# राजगृह पुस्तकालय में वार्षिक स्मरण एवं स्मृति विमोचन संपन्न



**वाडी.**

हाल ही में धम्मकीर्ति नगर, दत्तवाडी में राजगृह पुस्तकालय में वार्षिक स्मरण और स्मृति समारोह का उद्घाटन एक विशेष कार्यक्रम के तहत भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भदंत महापंथ महाथेरो की अध्यक्षता में आंबेडकर विचारक, वरिष्ठ साहित्यकार, कवि, लेखक आदि शामिल हुए। मंच पर नारनवरे, भदंत सुनीति, एलआईसी के मंडल सेवानिवृत्त मंडल प्रबंधक तुलसीदास गडपायले, कवि सूर्यभान शेंडे, पूर्व नगरसेवक नरेंद्र मेंढे, वाचनालय के अध्यक्ष अशोक वासेकर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इन सभी अतिथियों ने सबसे पहले परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, तथागत गौतम बुद्ध, छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू महाराज आदि महापुरुषों की छवि को नमन किया।

इस अवसर पर पुस्तकालय की वार्षिक स्मारिका का विमोचन गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया।

तत्पश्चात राजगृह पुस्तकालय में दान देने वाले सभी दानदाताओं का पंचशील दुपट्टा एवं गुलदस्ता, मोमेंटो स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोहर गजभिए ने किया तथा आभार प्रदर्शन राजेंद्र कांबले ने किया।

# ज्येष्ठ नागरिक संगठन का रविवार को संवाद कार्यक्रम

**कामठी.** रणाला स्थित रेलवे चौकी परिसर में रविवार को शाम 4 बजे जेष्ठ नागरिक संगठन द्वारा जेष्ठ नागरिक संदीप ऊरकुडे, कोविद तलेकर, तुलसीराम झाड़े, हरिचंद्र ग़लबले, दिलीप भद्र के जन्मदिन रूप के उपलक्ष्य पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न योजना पर चर्चा की जाएगी. जेष्ठ नागरिक संगठन व दिव्यांग फाउंडेशन सचिव बॉबी महेंद्र ने बताया कि इस मौके पर प्रमुख अतिथि के रूप में रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, नागपुर मेट्रो समाचार के उप संपादक/स्पेशल रिपोर्टर सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, भक्ति ट्रांसपोर्ट के संचालक यशवंत कुल्लरकर, सारेगामा फेम प्रदीप उर्फ परितोष मुखर्जी प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे.

# राष्ट्रीय ग्राहक दिवस पर रामटेक तहसील कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन




**रामटेक.** तहसील कार्यालय में 24 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय ग्राहक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सन्माननीय एसडीओ और सन्माननीय तहसीलदार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राहक पंचायत, नागपुर जिला ग्रामीण की अध्यक्षा कांचन माला माकडे उपस्थित थीं। इसके साथ ही रामटेक के महाराष्ट्र ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष मोरेश्वर जी माकडे, मौदा तहसील की अध्यक्षता कामिनी हटवार, और पारशिवनी महाराष्ट्र ग्राहक पंचायत की अध्यक्ष सौ. सुनीता मानकर ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में रामटेक के रास्त भाव दुकानदार, बचत गट की महिलाएं और ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'धगधगती कामिनी' पुस्तक का विमोचन किया गया और लोक जागृति मोर्चा की ओर से विशेष कैलेंडर वितरित किए गए। कार्यक्रम में जागरूकता का संदेश दिया गया और सभी को 'जागो ग्राहक जागो' का आह्वान किया गया। सभी को राष्ट्रीय ग्राहक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

# विठ्ठल-विठ्ठल हरिओम विठ्ठला के जयकारों से गूंजी कोंढाली नगरी

**कोंढाली.**

कोंढाली नगर ने 26 दिसंबर को श्री विठ्ठल-रुख्मिणी देवस्थान (ठवलेपुरा) में आयोजित भव्य धर्मोत्सव समारोह के तहत माऊली की पालकी यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरा नगर दुल्हन की तरह सजा हुआ नजर आया। स्वागत गेट, तोरण, पताकाएं और घरों पर रोशनाई ने नगर को उत्सवी रंग में रंग दिया। हर घर के सामने रंगोली और नगर के मुख्य मार्गों पर लगाए गए भव्य स्वागत द्वारों ने इस मौके को और खास बना दिया। श्री विठ्ठल रुख्मिणी देवस्थान के प्रांगण से दोपहर 1 बजे माऊली की पालकी यात्रा निकाली गई। इसमें लगभग 7,000 श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में सुप्रसिद्ध 50 भजन मंडलियां, सौंसर-परतापुर की दिंडी, जबलपुर के मोर नृत्य, सजावटी घोड़े, 11 कलाकारों के दल और 20 स्थानीय भजन मंडलों ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया।





## > कोंढाली की सड़कों पर दिखा उत्सव का अद्भुत नजारा

शोभायात्रा का कोंढाली की हर गली-मोहल्ले में स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह चाय, कॉफी, साबूदाना खिचड़ी, चॉकलेट, बिस्किट, केले और लड्डू बांटकर श्रद्धालुओं को ऊर्जा दी गई। नगर पंचायत, विभिन्न राजनीतिक दलों (भाजपा, कांग्रेस सहित), व्यापारी संघ, मोटर वाहन संघ और खेल संघ ने भी पालखी का स्वागत कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

धर्मोत्सव के अंतर्गत 21 से 28 दिसंबर तक अखंड नाम संकीर्तन महोत्सव और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 28 दिसंबर को काले महाराज के कीर्तन के बाद महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में नगर के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी, पुलिस उपनिरीक्षक धवल देशमुख, शेख, खांडेकर और महिला व पुरुष पुलिस स्टाफ ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। साथ ही, स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।यह जानकारी आयोजन समिति द्वारा प्रदान की गई।

# दपूम रेल उपभोक्ता सलाहकार बने बबलू तिवारी



**कामठी.** डेली पैसेंजर्स एसोसिएशन के सदस्य व पुलिस शांतता समिति के केंद्रीय सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलू तिवारी को मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) दक्षिण पूर्व मध्य नागपुर का प्रतिनिधि बनाया गया है. जारी पत्रक ने अनुसार जयप्रकाश उर्फ बबलू तिवारी को 15 अगस्त 2026 तक की अवधि के लिए डीआरयूसीसी सदस्य बनाया गया है.

जहां रेल उपभोक्ताओं की समस्याओं को रखकर हल कराने की कोशिश करेंगे. बबलू तिवारी शुरू से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे है. इसके अलावा वे खेल कूद व सामाजिक क्षेत्र में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे है. बबलू तिवारी की नियुक्ति पर जिले उद्यमियों ने हर्ष जताया है. यह बताना लाजमी होगा कि जयप्रकाश उर्फ बबलू तिवारी की नियुक्ति से क्षेत्र की रेल सुविधाएं प्रमुखता रेलवे अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा. बबलू तिवारी ने बताया कि आमजनों की सुविधा को ध्यान में रख कर कार्य किया जाएगा. लंबे समय से क्षेत्रवासी रेलवे से कई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं, पर समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका. जनभावनाओं के अनुरूप सुविधाओं व ट्रेनों के विस्तार, परिचालन संबंधी मांगो को लेकर रेलवे के समक्ष रखा जाएगा.

# महाकुंभ मेले में विश्व हिंदू परिषद [विदर्भ प्रांत] की लंगर सेवा

## > रोजाना 15,000 श्रद्धालुओं को मिलेगा महाप्रसाद

नागपुर. मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में विश्व हिंदू परिषद, विदर्भ प्रांत द्वारा रोजाना लंगर सेवा चलाई जाएगी। यह सेवा 13 जनवरी से 27 फरवरी तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी। इस दौरान प्रतिदिन लगभग 15,000 श्रद्धालु और साधु-संत भोजन प्रसाद का लाभ उठाएंगे।

विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग, धर्माचार्य संपर्क विभाग और मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम विदर्भ प्रांत के तत्वावधान में यह सेवा संचालित होगी। कुंभ में साधु-संतों को विशेष तौर पर चौरंग और पाटे पर बैठाकर भोजन कराया जाएगा।




महाकुंभ हर 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है और इस बार लगभग 35 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। विश्व हिंदू परिषद ने साधु-संतों के लिए विशेष निवास की व्यवस्था भी की है।

इसी स्थान पर लंगर सेवा का संचालन होगा। इससे पहले अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान विदर्भ प्रांत ने एक महीने तक लंगर सेवा चलाई थी। उस सेवा का लाभ करीब 20 लाख श्रद्धालुओं ने उठाया था। उसी तर्ज पर प्रयागराज में भी यह लंगर सेवा संचालित की जाएगी।

### दान के लिए अपील

महाकुंभ के इस पुण्य अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ने अनाज और अन्य सामग्री दान करने की अपील की है। परिषद के विदर्भ प्रांत सेवा प्रमुख राम लोखंडे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि महाकुंभ धर्म, संस्कृति और सेवा का अद्वितीय संगम है।

# राजपूत समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**नागपुर.**

राजपूत समाज की प्रतिष्ठित संस्था राजपूत चेतना मंच द्वारा आगामी रविवार 5 जनवरी को विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक महाराणा प्रताप हॉल, शंकर नगर चौक, नागपुर में आयोजित है.

यह उल्लेखनीय है कि पिछले लगातार 32 वर्षों से नियमित रूप से आयोजित हो रहे इस सम्मेलन की प्रतिष्ठा संपूर्ण देश मे बन चुकी है. महाराष्ट्र (मुंबई पुणे), मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों से राजपूत युवक-युवती उपस्थित रहकर जीवन साथियों का चयन करते हैं अभी तक सम्मेलन में चयन का सक्सेस रेट 60 से 70 प्रतिशत रहा है.




इस वर्ष परिचय सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों पद्धति से होगा. राजपूत चेतना मंच अध्यक्ष सुरेश सिंह गहरवार एवं सचिव रणजीत सिंह भारव्दाज, सम्मेलन प्रमुख महावीर सिंह बैस ने सभी राजपूत भाइयों को आवाहन किया कि इस कार्यक्रम हेतु युवक-युवतियों का प्रवेश फार्म राजपूत चेतना मंच कार्यालय स्व. ओ.पी. सिंह, नेताजी मार्केट, सीताबर्डी, नागपुर में शाम 4 से 7 तक प्रवेश फार्म भरे.

फार्म भरने की आखिरी तारीख 30 दिसंबर है. इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रताप सिंह बडगूजर, चंद्रकांत सिंह चंदेल, संजय सिंह गहेरवार, दिलीप सिंह सोलंकी, पंकज सिंह, शेषपाल हजारी, दिनेश सिंह सिसोदिया, विजय सिंह बैस, सचिन बनाफर एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य परिश्रम कर रहे हैं.

# संत भीकाजी महाराज उत्सव का आयोजन

## > विधायक कुणावार का करेंगे सत्कार

**सिंदी रेलवे.** निकट के दहेगांव में श्री.संत भीकाजी महाराज उत्सव समारोह के अवसर पर 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक जय गंगा माता देवस्थान बाजार चौक पर श्री राम कथा संगीत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां होंगी।

आचार्य रत्नाकर महाराज आलंदी देवाची की शिष्या कथा वाचक हभाप भाग्यश्री देवढे, मु. देर्डा की सुरीली आवाज में कथा पढ़ी जाएगी. दैनिक कार्यक्रम में प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक काकड़ आरती, राम कथा प्रातः 9 बजे से दोपहर 10 बजे तक, भागवत दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक। शाम 7 से 8 बजे तक हरिपाठ होगा। 2 जनवरी को शाम 7 से 10 बजे तक हभप भाग्यश्री देवढे का गोपालकाला कीर्तन किया जाएगा। इस बार उनके साथ गायक हभप समीर महाराज देवढे, हभप गजानन महाराज बावने, तबला वादक नेपाल महाराज चौधरी, हभप सोमलाल महाराज साथ रहेंगे। गोपालका बाद ग्रामवासियों की ओर से विधायक समीर कुनावार का सम्मान समारोह दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। दोपहर में दिंडी समारोह होगा और दिंडी पथक को नारलपान दिया जाएंगा.उसके बाद महाप्रसाद होगा. दिंडी समारोह में विभिन्न भजन मंडलियां भाग लेंगी. आयोजकों ने भाविक भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होने के साथ-साथ श्रीमद्भागवत कथा का भी लाभ उठाने की अपील की है.

# जिले के स्वास्थ्य केंद्र में 250 से अधिक पद रिक्त

**गोंदिया.** बड़ी संख्या में पद रिक्त होने से इसका असर नागरिकों के इलाज पर पड़ रहा है. 250 से अधिक पद रिक्त होने से स्वास्थ्य व्यवस्था ही बीमार पड़ गई है. जिला परिषद गोंदिया के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 261 पद कई वर्षों से नहीं भरे गए. जिससे मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है. साथ ही क्षेत्र में गंदगी का साम्राज्य है. इन सबका असर स्वास्थ्य सेवा पर पड़ा है. जिप गोंदिया के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिले में 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 258 उप




केंद्र कार्यरत हैं. इन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर 13 लाख से ज्यादा नागरिकों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है. सरकार ने एक जिला स्वास्थ्य अधिकारी, एक अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी का 1 पद, अ श्रेणी के 71 वैद्यकीय अधिकारी, ब श्रेणी के 54 स्वास्थ्य अधिकारी, 17 स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, 44 दवा निर्माता, 17 प्रयोगशाला वैज्ञानिक, 64 स्वास्थ्य सहायक, 196 स्वास्थ्य सेवक, 40 स्वास्थ्य सहायक, 366 स्वास्थ्य सेविका, 3 कुष्ठ रोग विशेषज्ञ और 40 स्वच्छता कामगार इस प्रकार अ से ड श्रेणी तक 915 पदों को मंजूरी दी गई है, लेकिन प्रत्यक्ष में केवल 654 पद ही भरे गए हैं. इसमें 2016 से 261 पद खाली पड़े हैं. इसका असर स्वास्थ्य सेवा पर पड़ रहा है. स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को समय पर सेवाएं नहीं मिल रही है. सफाई कर्मियों के रिक्त पदों के कारण जगह-जगह गंदगी का साम्राज्य देखने को मिलता है. इससे मरीज के अधिक बीमार होने की आशंका प्रबल हो जाती है. देखा यह भी जा रहा है कि कुछ मरीज सरकारी के बजाए निजी अस्पतालों में इलाज कराने लगते हैं.

### 2016 से भर्ती प्रक्रिया बंद

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार खाली पदों की जानकारी समय-समय पर विभाग को भेजी जाती रहती है, लेकिन पद नहीं भरने से स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ रहा है. बताया गया कि 2016 से भर्ती प्रक्रिया लागू नहीं होने से समस्या उत्पन्न हो रही है.

# आधार लिंक के अभाव में अनेक ग्राहक सब्सीडी से वंचित

**गोंदिया.** धुआं मुक्त व्यवस्था करने सहित वन संपत्ती बढ़ाने के लिए शासन ने अनुदानित गैस सिलेंडर की उज्वला योजना क्रियान्वित की है. इसका ग्रामीण क्षेत्र के हजारों ग्राहकों ने लाभ उठाया है. लेकिन आधार लिंक नहीं होने की बात कहकर बड़ी संख्या में लाभार्थियों सब्सीडी से वंचित रहना पड़ रहा है. ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों को उज्वला योजना की सब्सीडी के लिए आधार लिंक नहीं होने से उन्हें वंचित रहना पड़ रहा है. जिससे सामान्य परिवार वाले नागरिकों को बिना वजह नुकसान सहन करना पड़ रहा है. अनुदान की रकम जमा नहीं होने से लाभार्थियों का आर्थिक नुकसान हो रहा है. विशेष बात यह है कि अमीर नागरिकों को बिना अनुदानित सिलेंडर की पूर्ति की जाती है लेकिन बीपीएल सूची वाले परिवार वालों को सब्सीडी की रकम वापस नहीं



लौटाई जा रही है. इसके लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों में खाते भी ग्राहकों ने खोले हैं. जबकि आधार लिंक नहीं होने का कारण बताकर उनके खातों में सब्सीडी की रकम जमा नहीं की जा रही है. इस संबंध में अनेक ग्राहक बार बार गैस वितरण केंद्रों के चक्कर काट रहे है. इसके बाद भी उन्हें अब तक सब्सीडी की रकम नहीं मिली है. केवल 5-6 दिनों में उनके बैंक खातों में रकम जमा करनी पड़ती है. लेकिन आधार लिंक, तांत्रिक कारणों से हजारों परिवार अनुदान से वंचित है. जबकि सभी सर्वसामान्य परिवारों को सब्सीडी दी जाती है.



# डॉ.के.एस. राधाकृष्ण जन्मशताब्दी पर पौधारोपण

**सेवाग्राम.** गांधीजी, आशा देवी और ई.डब्ल्यू. आर्यनायकम के विचार और कार्यों की विरासत को संरक्षित करने वाले डॉ. के.एस. राधाकृष्ण की जन्म शताब्दी पर 22 दिसंबर को सेवाग्राम आश्रम मार्ग पर एक पौधा लगाया गया।

डॉ. शोभना राधाकृष्ण ने कहा कि आधुनिक और तनावपूर्ण जीवन में मानव जीवन का चक्र बदल गया है, जो लोग पर्यावरण से दूर हैं, वे बदलते पर्यावरण का खामियाजा भुगत रहे हैं, उन्होंने वृक्षारोपण और उनकी देखभाल को महत्व देना शुरू कर दिया है.वह डॉ. के.एस. राधाकृष्ण की स्मृती जतन करेंगी. वे हिंदुस्तानी तालिमी संघ नई तालिम समिति, सर्व सेवा संघ, गांधी शांति प्रतिष्ठान आदि में रहे थे। उन्होंने दिल्ली की दिशा संस्था की ओरसे डॉ. के.एस. राधाकृष्ण, कमला भाभी और के. एस.चन्द्रहास की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया. इसमें छाया देने वाले बकुल एवं कंचन के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर डॉ. शोभना राधाकृष्ण, दिशा संस्था के रमेश कुमार, संगीता चव्हाण, दिलीप चव्हाण, अभिषेक वाकडे, विठ्ठल गेडाम उपस्थित थे.

# जातिसूचक दुर्व्यवहार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया असंज्ञेय मामला

**गोरेगांव.** कलपाथरी निवासी दुर्योधन कोरे (30) ने 24 नवंबर को तुषार प्रधान के मोबाइल नंबर पर कॉल किया और प्रज्वल बोरकर और दलित समुदाय को जातिसूचक दुर्व्यवहार किया. मोबाइल रिकॉर्डिंग के आधार पर गोरेगांव पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन पुलिस ने मोबाइल रिकॉर्डिंग की जांच किए बिना ही अदखलपात्र मामला दर्ज कर लिया और कोर्ट से न्याय मांगने कहा. 2 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक गोंदिया को शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने मोबाइल रिकॉर्डिंग की जांच नहीं की और आरोपी को छोड़ दिया. ऐसा आरोप प्रज्वल बोरकर और उनके साथियों ने जैन रिसॉर्ट में आयोजित एक चर्चा में लगाया है. 23 दिसंबर को गोरेगांव में एक चर्चा में प्रज्वल बोरकर और प्रतीक बोम्बार्डे ने बताया कि अगर अगले दो दिनों में दलित समुदाय को न्याय नहीं मिला तो वे भीम आर्मी, बहुजन वंचित



आघाड़ी, शिव सैनिक और कलपाथरी दलित समुदाय के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करेंगे.

कलपाथरी में सभी जातियों के नागरिक रहते हैं. इसमें दलित समुदाय भी रहता है. दुर्योधन कोरे यह ग्राम पंचायत सदस्य है और दलित समुदाय से नफरत करता है इसलिए वह समुदाय के लोगों को गाली देता है. 24 नवंबर को उसने तुषार प्रधान के मोबाइल नंबर पर कॉल किया और प्रज्वल बोरकर व दलित समाज को जातिवाचक गालीगलौज की. उसकी रिकॉर्डिंग तुषार प्रधान ने प्रज्वल बोरकर को दी. रिकॉर्डिंग के आधार पर गोरेगांव पुलिस में शिकायत दर्ज की गई लेकिन पुलिस ने अदखलपात्र मामला दर्ज किया. इस मामले की जांच हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई है. लेकिन इस शिकायत पर दखल नही दिया गया. जिससे न्याय के लिए भीम आर्मी, बहुचन वंचित आघाडी, शिवसैनिक, समाज बंधु आंदोलन करेंगे ऐसी जानकारी प्रज्वल बोरकर ने एक चर्चा में दी. इस अवसर पर शाम डोंगरे, प्रज्वल बोरकर, प्रतिक बोंबार्डे, शुभम डोंगरे, गौतम रामटेके, मयुर डोंगरे, विनोद बोरकर, चंद्रकुमार बोरकर, सिध्दार्थ रामटेके, आकाश बोरकर, अतुल डोंगरे, ओमदास मेश्राम उपस्थित थे.

# महेश ज्ञानपीठ में सांस्कृतिक समारोह संपन्न

**हिंगनघाट.** महेश ज्ञानपीठ में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव का भव्य समापन मुख्य अतिथि राजेंद्र भूतड़ा (वर्धा) की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "भारत प्रगति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की ओर अग्रसर है, और इस प्रगति का आधार युवाओं की प्रतिभा है।"

21 से 24 दिसंबर तक चले इस फेस्टिवल में छात्रों ने अपनी कला और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। समारोह में माहेश्वरी युवा मंडल के अध्यक्ष श्री गिरधर राठी और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैशाली पोल ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने किया मनमोहक प्रदर्शन 23 और 24 दिसंबर को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका दिल जीता। प्रमुख विषयों में देवी का भ्रम, रतन टाटा की जीवन कहानी, पेड़ बचाओ, महिला अत्याचार, गणेश वंदना, हनुमान चालीसा और मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर आधारित नृत्य और



नाटक शामिल थे। समारोह में वर्षभर अपनी-अपनी विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

चार्मिंग बेबी: प्रभु बेनीवार, ट्वीकलिंग स्टार: सानवी उंडे, ऑल राउंड किड: दृष्टि मेड, लिटिल आइंस्टीन: सक्षम पेठे , सर्वश्रेष्ठ वक्ता: ओवी भोयर, सर्वश्रेष्ठ डिबेटर: पूर्वा कोहाड़, वाइस ऑफ महेश ज्ञानपीठ: माही नवरखेड़े, सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स पर्सन: श्रद्धा कटकर, साइंस पैंथर: अर्नव राठौड़ और स्वराज कोंडे, चैंपियन हाउस ऑफ द ईयर: रेड हाउस कार्यक्रम का संचालन यश बेले, भार्गवी बेलूरकर और वेदा बोरकर ने किया। विद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही, विद्यार्थियों के मंत्रीमंडल ने भी उत्कृष्ट कार्य किया। इस समारोह ने न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि उन्हें प्रेरणा और सम्मान देकर उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया।

# रापनि की बसों में फर्स्ट एड किट का नरारद

**गोंदिया.** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल की अनेक बसों में प्राथमिक उपचार किट नहीं है. कुछ बसों में डिब्बे हैं, लेकिन वे खराब स्थिति में हैं. साथ ही बड़ी संख्या में कबाड़ में भेजे जाने की बजाए सड़क पर उतारी जा रही बसों के कारण यात्रियों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ता है. यात्रियों को राज्य सड़क परिवहन महामंडल द्वारा 'गांव वहां रास्ता व रास्ता वहां एसटी' के आदर्श वाक्य 8के तहत सेवा दी जाती रही है. कई यात्री महामंडल की बस से यात्रा करना पसंद करते हैं, क्योंकि एसटी यात्रा सुरक्षित है. जिले के ग्रामीण अंचलों में गोंदिया डिपो से चलने वाली बसें ज्यादातर कबाड़ हो गई हैं. बस दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों के तत्काल उपचार के लिए प्रत्येक बस में प्राथमिक चिकित्सा किट होती है. यह फर्स्ट एड बॉक्स वाहन चालक के केबिन में होता है,




लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बसों में प्राथमिक उपचार किट नहीं है. कुछ बसों में बॉक्स होते हैं, लेकिन वह खाली पड़ा होता है. इस सुविधा पर एसटी महामंडल के वरिष्ठ अधिकारी, वाहक, डिपो कर्मचारियों का ध्यान नहीं हैं, एसटी महामंडल को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है. वहीं दूसरी ओर कबाड़ बसों की संख्या भी अधिक होती दिख रही है. इस कारण कई बसें सड़क के बीच में ही रुक जाती हैं. जिससे यात्रियों को बेवजह परेशानी उठानी पड़ रही है.

# वान्मथी सी. ने जिलाधिकारी का पदभार स्वीकारा

**वर्धा.** सरकार ने हाल ही में एक आदेश जारी कर कलेक्टर राहुल कर्डिले का तबादला नासिक नगर निगम में आयुक्त के पद पर कर दिया है और उनकी जगह राज्य कर विभाग की सहआयुक्त वान्मथी सी. को वर्धा कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया है. आज सुबह 10.30 बजे नवनियुक्त कलेक्टर वान्मथी सी. ने कलेक्टर पद का कार्यभार संभाला. वह तमिलनाडु के इरोड जिले की मूल



निवासी हैं। वान्मथी सी.यह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2015 बैच से हैं और उन्होंने 152वीं रैंक हासिल की थी. आईएएस रैंक प्राप्त करने के बाद, उन्होंने पहले 2018-2019 में नंदुरबार में डिप्टी कलेक्टर के रूप में कार्य किया। वह जुलाई 2019 से 2022 तक के कार्यकाल के दौरान धुले जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। फिर उन्हें राज्य कर के संयुक्त आयुक्त के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया। राज्य सरकार ने उनका तबादला वर्धा में कलेक्टर पद पर कर दिया है और आज उन्होंने वर्धा कलेक्टर पद का कार्यभार संभाल लिया है.

प्रभारी कलेक्टर नरेंद्र फुलझेले ने वान्मथी सी. का स्वागत चरखा भेंट देकर किया. इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितिन रहमान, रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर गणेश खताले, उपविभागीय अधिकारी दीपक कारंडे, विश्वास सिरसाट, वंदना सवरंगपते, डिप्टी कलेक्टर श्रीपति मोरे, उपजिलाधिकारी (चुनाव) अनिल गावित, तहसीलदार संदीप पुंडेकर, समर्थ क्षीरसागर, मलिक विरानी, हरीश काले, बबीता आलंदे हंसा मोहने मौजूद थे.

# समय पर नहीं पहुंच रहीं मानव विकास मिशन की बसें

**गोंदिया.** मानव विकास योजना के तहत शुरू बसें समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान हो रहा हैं. बसें समय पर नहीं आने के कारण वे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते है. जिससे उनके दो से तीन घंटे बर्बाद हो रहे हैं. जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग इस ओर ध्यान दे और बसों की कार्यकारिणी में सुधार करें.

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहें, इसके लिए सरकार ने मानव विकास कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए बसें शुरू की हैं. जिससे लड़कियां शिक्षा की मुख्य धारा में आ गई हैं. उनमें शिक्षा के प्रति रुचित जगी है और वे तहसील व जिला स्तर पर जाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रही है. तहसील के खमारी, तांडा, कामठा आदि स्थानों के छात्र शिक्षा के लिए जिला मुख्यालय में आते हैं. उनके लिए मानव विकास बस उपलब्ध हैं.

# वर्धा में मनुस्मृति दहन, अनेक संगठनों ने की अमित शाह को गृहमंत्री पद से हटाने की मांग

**वर्धा.** संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के खिलाफ संसद में दिए गए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कथित अपमानजनक बयान के विरोध में वर्धा में संविधान प्रेमी नागरिकों और संगठनों द्वारा मनुस्मृति दहन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन 25 दिसंबर 2024 को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास किया गया, जिसमें संविधान की रक्षा और केंद्रीय गृहमंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई।

इस आंदोलन का नेतृत्व शेखर शेंडे, मनोज चांदूरकर, उदय मेघे, सुनील राऊत, नितेश कराले, बालासाहेब इंगोले, राहुल झामरे समेत कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदर्शन के दौरान संविधान प्रेमी नागरिकों ने "संविधान जिंदाबाद" और "डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर अमर रहें" जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और गृहमंत्री पर भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय की भावनाओं के खिलाफ कार्य करने का आरोप लगाया।



अंबेडकरी नेता महेंद्र मुनेश्वर और विशाल रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में बहुजन, अल्पसंख्यक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को उनके कथित बयान के लिए तुरंत पद से हटाया जाए।, भारतीय संविधान और डॉ. अंबेडकर के खिलाफ हो रहे अपमानजनक बयानों पर सख्त कार्रवाई की जाए।, केंद्र सरकार की तानाशाही और हिंदुत्ववादी विचारधारा के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराया जाए।

विशाल रामटेके ने निषेध आंदोलन में शामिल सभी सच्चे नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब देश भारतीय संविधान के अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है, तब केंद्र सरकार द्वारा संविधान और डॉ. अंबेडकर का अपमान निंदनीय है।

अंबेडकरी कार्यकर्ताओं ने सामाजिक न्याय और समानता की भावना को बनाए रखने के लिए इस आंदोलन को देशभर में फैलाने का संकल्प लिया।

# महाकुंभ मेला के लिए होगी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

**गोंदिया.** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए. उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे. महाकुंभ के दौरान 3000 स्पेशल ट्रेनों सहित 13000 से अधिक ट्रेनें चलाई जाएंगी. इसी कड़ी में दक्षिण रेलवे से चलाने वाली पांच महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, बालाघाट व नैनपुर होकर परिचालन किया जा रहा है.

इसी प्रकार दक्षिण रेलवे से चलने वाली पांच महाकुंभ मेला स्पेशल व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गोंदिया, बालाघाट व नैनपुर होकर चलाने वाली ट्रेनों की सुविधा का परिचालन गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर व जबलपुर होकर किया जाएगा. जिससे गोंदिया, बालाघाट व नैनपुर के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्री लाभान्वित होंगे. जिसकी जानकारी इस प्रकार है.

ट्रेन क्र. 06005/06006 कन्याकुमारी-गया- कन्याकुमारी साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल, ट्रेन क्र. 06021/06022 कोचुवेलि-गया-कोचुवेलि साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल, ट्रेन क्र. 06001/06002 चेन्नई सेंट्रल-गोमती नगर-चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल, ट्रेन क्र.06003/06004 कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल, ट्रेन क्र. 06007/06008 कोचुवेलि-बनारस-कोचुवेलि साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल का परिचालन होगा.

ट्रेन क्र. 06005/06006 कन्याकुमारी-गया-कन्याकुमारी साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल यह स्पेशल ट्रेन कन्याकुमारी से गया के लिए 06 व 20 जनवरी 2025 को रवाना होगी. इसी प्रकार गया से कन्याकुमारी के लिए 09 व 23 जनवरी को रवाना होगी. इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव कन्याकुमारी, रेन, कोविलपट्टी, तिरुच्चिरापलि, विल्लुपुरम जंक्शन, विजयवाड़ा



जंक्शन, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर गया के लिए परिचालन होगा. इस स्पेशल ट्रेन में 06 एसी थ्री, 06 स्लीपर, 01 लगेजवन, 02 एसएलआरडी सहित 15 कोच रहेंगे.

ट्रेन क्र. 06021/06022 कोचुवेलि-गया-कोचुवेलि साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल यह स्पेशल ट्रेन कोचुवेलि से गया के लिए 07, 21 जनवरी व 04 फरवरी को रवाना होगी. इसी प्रकार गया से कोचुवेलि के लिए 10, 24 जनवरी व 07 फरवरी को रवाना होगी. इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव कोचुवेलि, कयाणकुलम जंक्शन, एर्नाकुलम शहर, तिरुच्चिरापलि, इरोड जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर गया के लिए परिचालन होगा. इस स्पेशल ट्रेन में 04 एसी थ्री, 06 स्लीपर, 01 लगेजवन, 07 एसएलआरडी सहित 18 कोच रहेंगे.

ट्रेन क्र.06001/06002 चेन्नई सेंट्रल-गोमती नगर-चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल यह ट्रेन चेन्नई से गोमती नगर के लिए 08, 15 व 22 जनवरी, 05, 19 व 26 फरवरी को रवाना होगी. इसी प्रकार गोमती नगर से चेन्नई के लिए 11, 18 व 25 जनवरी तथा 08 व 22 फरवरी को रवाना होगी. इस ट्रेन का ठहराव चेन्नई, गुडूर जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर गोमती नगर के लिए परिचालन होगा. इस ट्रेन में 04 एसी थ्री, 06 स्लीपर, 01 लगेजवन, 07 एसएलआरडी सहित 18 कोच रहेंगे. ट्रेन क्र. 06003/06004 कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल यह ट्रेन कन्याकुमारी से बनारस के लिए 17 फरवरी को रवाना होगी. इसी प्रकार बनारस से कन्याकुमारी के लिए 20 फरवरी को रवाना होगी. इस ट्रेन का ठहराव कन्याकुमारी, रेन, कोविलपट्टी, तिरुच्चिरापलि, विल्लुपुरम जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर बनारस के लिए परिचालन होगा. इस ट्रेन में 06 एसी थ्री, 06 स्लीपर, 01 लगेजवन, 02 एसएलआरडी सहित 15 कोच रहेंगे. ट्रेन क्र. 06007/06008 कोचुवेलि-बनारस-कोचुवेलि साप्ताहिक कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन कोचुवेलि से बनारस के लिए 18 व 25 फरवरी को रवाना होगी. इसी प्रकार बनारस से कोचुवेलि के लिए 21 व 28 फरवरी को रवाना होगी. इस ट्रेन का ठहराव कोचुवेलि, कयाणकुलम जंक्शन, एर्नाकुलम शहर, तिरुच्चिरापलि, इरोड जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर गया के लिए परिचालन होगा. इस ट्रेन में 04 एसी थ्री, 06 स्लीपर, 01 लगेजवन, 07 एसएलआरडी सहित 18 कोच रहेंगे.

### प्रमुख ठहराव:

कन्याकुमारी, कोविलपट्टी, तिरुच्चिरापलि, विल्लुपुरम जंक्शन, विजयवाड़ा, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर आदि। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु इन स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठाकर अपनी यात्रा को सरल और सुविधाजनक बना सकते हैं।



# तुलसकर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फ्रेशर्स पार्टी में नवागंतुकों का स्वागत

**हिंगनघाट.** विद्या विकास शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित तुलसाकर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हाल ही में कॉलेज में नव प्रवेशित छात्रों के स्वागत के लिए एमबीए, बीसीए, बीबीए के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए रिफ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का आयोजन नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में एक मैत्रीपूर्ण माहौल बनाने, उनके डर को दूर करने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. उमेश तुलसकर, सचिव डॉ. नयना शिरभाते तुलसाकर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल राकेश साटोन और विद्या विकास संस्थान के तुलसकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल एम. गुंडे सर उपस्थित थे। प्रारंभ में स्वर्गीय पांडूरग तुलसकर. की छवि का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने पारंपरिक नृत्य, रैंप वॉक, वेस्टर्न डांस, गायन और विभिन्न नाटकों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक खेल भी खेले गये। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. उमेश तुलसकर ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रा जयश्री वैद्य, प्रा श्रद्धा राऊत एवं प्रा आचल महाजन. कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका निभाई।

# 29 को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में चिपको आंदोलन

## > शहर में पेड़ों की कटाई को लेकर विरोध प्रदर्शन

**नागपुर.**

मनपा आयुक्त और उद्यान विभाग से शहर में पेड़ों की कटाई को लेकर अनुमति देने के विरोध में अनेक संगठनों ने रविवार 29 दिसंबर को सुबह 10 बजे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में चिपको आंदोलन आयोजित किया है। संगठनों के मुताबिक शहर के मानकापुर स्टेडियम के विस्तारीकरण और 272 करोड़ रुपए की लागत से जिलाधिकारी कार्यालय की नई इमारत का निर्माणकार्य हो रहा है। महाराष्ट्र स्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन के माध्यम से नाशिक की एजेंसी को कार्यादेश दिया गया है। बहुमंजिला इमारत को तैयार करने के



लिए परिसर में करीब 42 पेड़ों को काटने का प्रस्ताव बनाया गया है।

**283 पेड़ों की कटाई प्रस्तावित**

मानकापुर स्टेडियम में विस्तारीकरण के लिए 365 पेड़ों की कटाई को प्रस्तावित किया गया है। दोनों स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्था करने की बजाय पेड़ों को काटने की अनुमति दी जा रही है। जल्द ही शहर के सक्करदरा में आयुर्वेदिक अस्पताल के विस्तारीकरण में 283 पेड़ों की कटाई को भी प्रस्तावित किया गया है। मनपा से जन सुनवाई के नाम पर खानापूर्ति होने का आरोप लगाते हुए संगठनों ने चिपको आंदोलन करने का फैसला किया है। आंदोलन में पर्यावरण से जुड़ी संगठन स्वच्छ फाउंडेशन की अनुसया काले, प्रवरा फाउंडेशन की प्राची माहुरकर, पर्यावरण नीति मूल्य के कपिल साठे, सचिन वाघमारे समेत कई अन्य संगठनों ने नागरिकों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है।

## 36 मवेशियों समेत 14 लाख रु. का माल जब्त

**गोंदिया.** आमगांव पुलिस ने तस्करों के चंगुल से 36 गोवंश को मुक्त कराकर 13 लाख 80 हजार रु. का माल जब्त किया है. जानकारी के अनुसार आमगांव पुलिस गोंदिया रोड़ पर स्थित रेलवे चौकी परिसर में नाकाबंदी कर रही थी. इस दौरान लाल रंग का आयसर वाहन क्र. एमएच 34 - बीजी 9143 यहां रुका. ट्रक के पीछे अपराध शाखा का शासकीय वाहन क्र. एमएच 35 - एडब्ल्यू 0467 आया तो ट्रक का चालक व वाहक पुलिस वाहन को देखते ही भाग खड़े हुए. पुलिस ने जब ट्रक का निरीक्षण किया तो उसमें 36 गोवंश निर्दयतापूर्वक बंधे हुए पाए गए. इन गोवंशों के लिए चारे पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई थी. सभी गोवंश को बूचड़खाने ले जाए जाने की बात स्पष्ट होते ही पुलिस एक्शन मोड पर आई. पुलिस ने 1 लाख 80 हजार रु. के 36 जानवरों को कब्जे में ले लिया है. साथ ही 12 लाख रु. कीमत के ट्रक को जब्त कर लिया है.

# राजस्व मंत्री बावनकुले की गोयल परिवार से सदिच्छा भेंट

**कामठी.**



शहर के गोयल टॉकीज में रोड शिवाजी चौक पर स्थित गोयल टॉकीज (गोयल सिनेमा हॉल) सबसे पुराने सिनेमाघरों में से एक है. इसका आधुनिकीकरण के साथ रेनोवेशन भी किया गया. मल्टीप्लेक्स के युग में, यह सिनेमा हॉल काफ़ी प्रसिद्ध है. सिनेमा हॉल के संचालकगणों ने कई उपलब्धियां जनता के मन में अंकित है. हाल ही में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नवनियुक्त राजस्व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने गोयल परिवार के निवास पर सदिच्छा भेट दौरान शहर के समृद्धि के बारे और विकास पर चर्चा की. इस भेंट दौरान गोयल परिवार के भवानीशंकर गोयल, प्रेमप्रकाश गोयल, रवि गोयल ( ज़िला संयोजक- भाजपा व्यापार आघाड़ी), अनिल गोयल, संजय गोयल, राज गोयल, विक्रम गोयल, चेतन गोयल, हर्ष गोयल आदि ने राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का श्रीफ़ल, शॉल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. इस संवाद के दौरान शहर के विकास की पुरानी यादें ताजा की गई. ज्ञात हो कि राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पिछले 20 वर्षों से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को एक आदर्श और मूर्त रूप दिया. इस मौके पर भाजपा के प्रदेश सदस्य संकेत बावनकुले, जिला कोषाध्यक्ष अजय राम नारायण अग्रवाल, जिला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, तालुका अध्यक्ष उमेश रडके, डॉ. महेश हरिभाऊ महाजन, पत्रकार श्यामलाल शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहे.

# धान से भरा ट्रक किया जब्त, समिति सचिव ने की कार्रवाई

**गोंदिया.**

देवरी से अवैध रूप से धान खरीदी कर चिचगड़-ककोड़ी मार्ग से छत्तीसगड़ राज्य के हाटबंजारी में धान के कट्टे ले जाते हुए एक ट्रक को कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सचिव लोकेश सोनुले और उनके उड़न दस्ते ने 24 दिसंबर को दोपहर करीब 2.40 बजे गणुटोला से जब्त किया. इस कार्रवाई में 200 धान के कट्टे व ट्रक ऐसे कुल 6 लाख 60 हजार रु. माल जब्त किया गया है.

जानकारी के अनुसार कृषि उत्पन्न बाजार समिति देवरी का कार्य क्षेत्र देवरी व सालेकसा ग्राम तक सीमित है. उक्त कार्य क्षेत्र में धान की अवैध खरीदी पर नियंत्रण समिति का है.



मंगलवार की दोपहर 12.30 बजे कृषि उत्पन्न बाजार समिति, देवरी की टीम अवैध धान खरीदी पर नियंत्रण व जांच के लिए निकली. इसी बीच देवरी-चिचगड-काकोड़ी मार्ग पर स्थित गणुटोला में दोपहर करीब 2.40 बजे ट्रक क्र. सीजी 08 - वी 6015 की जांच की गई. वाहन मालिक हाटबंजारी (छ.ग.) निवासी मानिक शाहू चालक की मदद से देवरी से अवैध रूप से धान खरीदी कर छत्तीसगढ़ राज्य के हाटबंजारी ले जाते हुए पाया गया.

कृउबास देवरी के सचिव लोकेश सोनुले व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन अपने हिरासत में ले लिया. सोनुले की इस कार्रवाई से देवरी व सालेकसा तहसील के अवैध रूप से धान खरीदी करने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया है. इस कार्रवाई में 1 लाख 60 हजार रु. कीमत के 200 कट्टे धान व 5 लाख रु. कीमत का ट्रक ऐसे कुल 6 लाख 60 हजार रु. का माल जब्त किया गया.

# स्त्री मुक्ति दिवस पर मातृशक्ति ने बेबाकी से रखे विचार

**सौंसर.**

नगर के बौद्ध विहार में स्त्री मुक्ति दिवस मनाया गया। बुधवार की शाम को सामूहिक बुद्ध वंदना लेकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्त्री मुक्ति दिवस मनाते हुए मनुस्मृति दिवस पर उपस्थित मातृशक्ति ने भारतीय संविधान द्वारा प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकारों पर बेबाकी से अपने विचार रखे। कहा कि 26 जनवरी 1950 के पूर्व जो मनुस्मृति हजारों वर्षों से लागू थी, उस आधार पर इंसान को इंसान नहीं समझा जाता था, देश के मानव जाति को किसी भी मौलिक व मानवीय संवैधानिक अधिकार नहीं थे, शिक्षा, जमीन, जायजाद, सहित कोई भी अधिकार नहीं थे, नारी जाती को पशुतुल्य समझा जाता था।बहुजन महापुरुषों में महात्मा ज्योतिबा फुले गुलामगिरी ग्रंथ वो अपने संघर्षों से समाज में जागृति हुई।

डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा देश के मानव जाति सहित नारी उत्थान हेतु संघर्ष कर संविधान के जरिए



संवैधानिक अधिकार देकर नारी जाती की गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया और आज नारी शक्ति पढ़ लिख कर सम्मान के साथ आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही। समाज जागृति पर गीत व प्रबोधन भी हुए।

# आगामी सत्र से तैयार होगा सीएम राइज स्कूल का नया भवन



**सौंसर.**

शहर में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सीएम राइज स्कूल का नया चार मंजिला भवन बनकर लगभग तैयार हो गया है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन सरकारी दवाखाने के पास स्थित है।

यह भवन करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है और आगामी शैक्षणिक सत्र से छात्रों के लिए उपलब्ध होगा। इस स्कूल में बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा दी जाएगी, बल्कि उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

# अवैध शराब विक्रेताओं पर छापेमारी

**गोंदिया.**

जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 5 अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में पुलिस ने अवैध शराब सहित हजारों रुपयों का माल जब्त किया है.

पहली कार्रवाई दवनीवाडा पुलिस ने ग्राम परसवाड़ा परिसर में की. जहां आरोपी पवन ताराचंद कोड़वते (50) के निवास में गुप्त जानकारी के आधार पर छापामार कार्रवाई की. घर की तलाशी लेने पर सामने की छपरी में दो प्लास्टिक की डबकी में 15 लीटर महुआ फूल हाथ भट्टी की शराब रखी देखी गई. पुलिस ने इस मामले में कुल 4 हजार 500 रु. के माल को जब्त कर लिया है. दूसरी कार्रवाई तिरोड़ा पुलिस ने ठाणेगांव में की. यहां दिलेश गुलाब कठाने (48) अपने घर से शराब की अवैध बिक्री करता था. जिसके बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली तो 7 लीटर महुआ फूल हाथ भट्टी की शराब मिली. पुलिस ने शराब सहित 700 रु. के माल को जब्त कर लिया है. इसी प्रकार तिरोड़ा पुलिस ने ही सोनेखारी में कार्रवाई कर गीता पवन सहारे (62) की घर की तलाशी ली. जहां पुलिस को 15 लीटर हाथ भट्टी की शराब मिली. इस मामले में पुलिस ने शराब सहित 1500 रु. के माल को जब्त कर लिया है. उसी प्रकार गोंदिया शहर पुलिस ने श्रीनगर चव्हाण चौक परिसर में सुनंदा राजेंद्र भोयर (50) के निवास में छापामार कार्रवाई की है. पुलिस ने आरोपी के मकान से अवैध शराब सहित 1 हजार 295 रु. के माल को जब्त किया. वहीं गोरेगांव पुलिस ने मेंगाटोला में लोकचंद सोमा राणा (40) के घर पर छापामार कार्रवाई की. जहां पुलिस को मकान के आंगन में 5 लीटर महुआ फूल हाथ भट्टी की शराब रखी मिली. पुलिस ने शराब सहित 1 हजार रु. के माल को जब्त कर लिया है.

# डॉ. प्रवीण तोगड़िया का नागपुर दौरा संपन्न

**नागपुर.**

विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का दो दिवसीय नागपुर प्रवास 21-22 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज में जनवरी 2025 से शुरू होने वाले महाकुंभ को लेकर कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और व्यावसायिक समूहों से मुलाकात की।

होटल रेडिसन ब्लू में रियल एस्टेट व्यवसायी प्रफुल गाडगे के व्यक्तिगत कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक नाना पटोले, कृष्णा खोपड़े, और दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी से सौजन्य भेंट की। नागपुर के प्रमुख व्यावसायिक समूहों जैसे संदेश ग्रुप (गोपाल अग्रवाल, रम्मू अग्रवाल), रोकड़े ज्वेलर्स (राजेश रोकड़े), होटल व्यवसायी प्रवीण ठक्कर, उमेश महंत, और अन्य प्रतिष्ठित व्यवसायियों के निवास पर जाकर कुंभ मेले के लिए



अन्नदान और सहयोग का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निवास पर वर्तमान और भविष्य की धार्मिक-सामाजिक स्थिति पर चर्चा कर उन्हें कुंभ मेले का आमंत्रण दिया। प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी के कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हिंदू धर्म की व्याख्या की। जयताला के शिवप्रिया सोसाइटी में भव्य हनुमान मंदिर के भूमिपूजन में उपस्थित होकर धर्म कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति और धार्मिक एकता का प्रतीक है। नागपुर प्रवास के दौरान व्यावसायिक समूहों ने कुंभ के आयोजन के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस प्रवास ने हिंदू धर्म की भावना को प्रबल किया और धर्म के कार्यों में सहयोग का एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा का सदस्यता अभियान

**नागपुर.**

मध्य नागपुर प्रभाग क्रमांक 22 के बूथ नंबर 149 एवं भाजपा जैन प्रकोष्ठ महाराष्ट्र की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस के साथ भाजपा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता एवं पूर्व नगरसेवक रविशंकर कुंभारे, सुभाष पारधी, भाजपा मध्य नागपुर महामंत्री बाहुबली पलसापुरे, संपर्क मंत्री जयंत पाध्ये, दशरथ मस्के, प्रभाग संयोजक भूषण देशपांडे, प्रभाग अध्यक्ष चंद्रकांत वाघ उपस्थित रहे।



इस दौरान भाजपा जैन प्रकोष्ठ महाराष्ट्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष प्रशांत मानेकर जैन, उपाध्यक्ष डॉ. रिचा जैन, महावीर युथ क्लब के उपाध्यक्ष एवं पुलक मंच महावीर वार्ड के अध्यक्ष जगदीश गिल्लरकर, महिला आघाड़ी की रजनी जैन, समाजसेवी डॉ. महेंद्र राजा, पंडित हरीश राउत, भरत शाह, बाहुबली लाड़, पंडित हिरासाव कहाते, पियूष शाह, रविकांत काबरा, नीलम जैन, रेखा पलसापुरे, सुनंदा मानेकर, चंद्रकांता कासलीवाल और रितेश ठाकुर भी उपस्थित थे। इस आयोजन के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी की विचारधारा और सुशासन के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए भाजपा सदस्यता अभियान को प्रोत्साहन दिया गया।

# ऑटोचालक की धारदार हथियार से हत्या

## > खापरखेड़ा थाना क्षेत्र की घटना

**खापरखेड़ा.**

बुधवार (25 दिसंबर) की रात खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के नांदा (कोराडी) झोपड़पट्टी में एक ऑटो चालक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे सामने आई। मृतक की पहचान सचिन किसन साखरे (45) के रूप में हुई है, जो पिछले 10 वर्षों से नांदा झोपड़पट्टी में रह रहा था।

सचिन अपनी पत्नी करुणा और 16 वर्षीय बेटे के साथ नांदा झोपड़पट्टी में रहता था। बुधवार रात वह खाना खाने के बाद झोपड़पट्टी में शेकोटी के पास समय बिता रहा था और फिर सोने चला गया। गुरुवार सुबह उसकी पत्नी ने उसे कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद, पड़ोस में रहने वाली एक महिला को सचिन के घर भेजा गया। जब महिला ने दरवाजा धक्का देकर खोला, तो सचिन का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। तुरंत ही खापरखेड़ा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मृतक की पत्नी करुणा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक की हत्या कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से सिर पर वार करके की गई। सचिन एक ऑटो चालक था और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि भी थी। पुलिस को शक है कि हत्या आपसी रंजिश या उसकी आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। खापरखेड़ा पुलिस ने घटना से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है।

# निलजगांव ग्राम पंचायत पर ग्रामवासी ने किया स्टेज तोड़ने का आरोप

**भंडारा.**

भंडारा जिले के पवनी तहसील मे आने वाले नीलजगांव की ग्राम पंचायत पर ग्रामवासियों ने नए मैदान मे नाटक मंच तोड़ने का आरोप लगाया. जहा ग्रामवासी राजकुमार मेश्राम ने कहा कि मे और मेरे साथ नाटक कार्यक्रम लेने वाले हम साल मे एक बार कार्यक्रम गट के करत क्रमांक 169 पर 15 सालो से ले रहे हैं. लेकिन ग्राम पंचायत ने मैदान को साफ सफाई के हवाला देके नाटक का बना मंच ही तोड़ दिया जिससे हमारे भावनाओ को ठेस पहुंची है. उसी प्रकार नीलज गाव के सरपंच सुनील झोटिंग ने बताया कि हम गांव के बच्चों के लिए




कार्य कर रहे हैं और गट के क्रमांक 165 महसूल का होने से हमने वहा सपाटी करण के लिए माती डाले जो स्कूल के तीन दिनों के लिए केंद्र स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक महोत्सव लिया जा रहा है लेकिन अभी तक जगह कोणते विभाग की है अब तक कोई पुष्टि नहीं हो पाई है.

# उमरेड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांढल को 24x7 सेवा देने की मांग



**उमरेड.**

संजय मेश्राम, उमरेड विधानसभा के प्रतिनिधि, को एक निवेदन दिया गया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांढल को 24x7 सेवा प्रदान करने की मांग की गई। निवेदन में बताया गया कि मांढल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरेड का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जिस पर मांढल जिला परिषद सर्कल की संपूर्ण गाएँ निर्भर हैं।

कन्हान्डला अभयारण्य प्रकल्प और तहसील की प्रमुख बाजारपेठ के बीच स्थित यह स्वास्थ्य केंद्र दिन में 5 बजे के बाद बंद कर दिया जाता है। इस बंदी के कारण आकस्मिक सेवाओं का अभाव होता है और वहां मौजूद कर्मचारी भी इसे लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते। निवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के निर्माण के लिए जिल्हा परिषद के प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्थानांतरण किया गया है, जहां रोगियों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। इसके अतिरिक्त, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा अधिकारियों के आदेशों के बिना ही शाम 5 बजे बाद सेवा बंद कर दी जाती है, और आपातकालीन सेवाएं भी उपलब्ध नहीं होतीं। इस मामले को लेकर निवेदन में यह भी कहा गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांढळ को 24x7 संचालित करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जाएं। निवेदन के दौरान आशिष आवळे, पूर्व विदर्भ राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस के अध्यक्ष और ग्रामपंचायत मांढळ के सदस्य, दुर्गाप्रसाद दुधपचारे, और सागर सोनकुसरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस मांग को लेकर सभी ने संजय मेश्राम से निवेदन किया कि वे इस मुद्दे का समाधान कर जिलेवासियों को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करें।

# मासोद स्वास्थ्य केंद्र को मिला नया चिकित्सा अधिकारी

## > विधायक और प्रशासन का ग्रामीणों ने जताया आभार

**कोंढाली.**

नागपुर जिले के काटोल पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले मासोद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आखिरकार एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद चिकित्सा अधिकारी मिल गए हैं। मंगलवार, 24 दिसंबर को डॉ. आशीष तायवाड़े ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यभार संभाला।

गौरतलब है कि पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मडावी का एक वर्ष पूर्व स्थानांतरण हो गया था, जिसके बाद से यह केंद्र बिना चिकित्सा अधिकारी के संचालित हो रहा था। स्वास्थ्य अधिकारी के



अभाव में औषधि निर्माण अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, नर्स और स्वास्थ्य सेवकों के भरोसे स्वास्थ्य सेवाएं जारी थीं।

स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायत की सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, उपसरपंच रूपराव गोंडाने और स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने मिलकर कई बार जिला परिषद सदस्य पुष्पा ताई चाफले और पंचायत समिति सदस्य लता ताई धारपुरे के माध्यम से जिला स्वास्थ्य अधिकारियों और स्थानीय विधायक चरण सिंह ठाकुर से निवेदन किया था। स्वास्थ्य अधिकारी के अभाव में मासोद और आसपास के ग्रामीणों को इलाज के लिए कोंढाली या अन्य दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता था। इससे न केवल समय बल्कि आर्थिक रूप से भी ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। नवनिर्वाचित विधायक चरण सिंह ठाकुर ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया। उनके प्रयासों से मासोद स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को डॉ. आशीष तायवाड़े ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति से ग्रामीणों ने विधायक चरण सिंह ठाकुर, सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, उपसरपंच रूपराव गोंडाने और जिला परिषद सदस्य पुष्पा ताई चाफले का आभार व्यक्त किया।

### स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. तायवाड़े ने औषधि निर्माण अधिकारी अविनाश गुल्हाने और स्वास्थ्य कर्मी कविता राऊत की उपस्थिति में स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच और उपसरपंच ने दवाओं के स्टॉक और अन्य आवश्यकताओं के बारे में चर्चा की।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 369-8 | 150-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 199-9 | 440-8 |
| प्रभात | 117-9 | 125-8 |
| प्रभात नाईट | 468-8 | - |
| डायमंड | 239-4 | 156-2 |
| मेन बाजार | 699-4 | - |
| मिलन डे | 159-5 | 560-1 |
| मेन रतन | 338-4 | 690-5 |
| कल्याण | 116-8 | 780-5 |
| राजधानी डे | 360-9 | 177-5 |
| राजधानी नाईट | 469-9 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 167-4 | 180-9 |